झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, रांची–834001

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड न्यायिक सेवान्तर्गत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–12/2018) के संबंध में आवश्यक सूचना।

वैसे अभ्यर्थी जो झारखण्ड न्यायिक सेवान्तर्गत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) प्रारंभिक परीक्षा में सफल घोषित हुए हैं वे पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या–12/2018 में दिये गए निदेश की कंडिका–19(S) के अनुसार अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन की प्रति डाउनलोड कर मुद्रित स्वहस्ताक्षरित प्रति के साथ सभी वांछित निम्न प्रमाण पत्रों की हार्ड कॉपी की छायाप्रति आयोग कार्यालय में ऑनलाईन आवेदन में की गई प्रविष्टि के अनुरूप निर्धारित तिथि दिनांक–30.07.2019 से दिनांक–20.08.2019 तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक–20.08.2019 के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(i) जन्म तिथि के लिए मैट्रिक प्रमाण पत्र/अंक पत्र।

(ii) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि स्नातक उतीर्णता संबंधी अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।

(iii) अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के तहत निबंधन प्रमाण पत्र।

(iv) अन्य उच्चतर शैक्षणिक योग्यता (यदि हो तो)।

(v) जाति प्रमाण पत्र विहित प्रपत्र में (झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कोटि के अभ्यर्थियों हेतु प्रपत्र–I में तथा अत्यन्त पिछड़ा वर्ग–I एवं पिछड़ा वर्ग–II कोटि के अभ्यर्थियों हेतु प्रपत्र–II में)।

(vi) सक्षम प्राधिकार द्वारा पूर्ण सूचनाओं सहित विहित प्रपत्र में निर्गत निःशक्तता प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो)। (निःशक्तता का दावा हेतु कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के अधिसूचना संख्या–5888 दिनांक–06.08.2018 एवं संकल्प संख्या–2249 दिनांक–03.04.2018 के आलोक में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत निःशक्तता प्रमाण पत्र)

(vii) खेलकूद कोटे हेतु दावे के समर्थन में खेलकूद प्रमाण–पत्र। (खेलकूद कोटा के अन्तर्गत आरक्षण के दावे की स्थिति में कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक–1709 दिनांक–12.09.2007 द्वारा श्रेणी –II के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु निर्धारित मानक के अनुसार)

(viii) अनापत्ति प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो)।

नोटः– वैसे अभ्यर्थी जो प्रारंभिक परीक्षा में सफल घोषित हुए हैं वे अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्म तिथि डालकर ऑनलाईन आवेदन की प्रति आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं तथा वैसे सफल अभ्यर्थी जिनके पास रजिस्ट्रेशन नम्बर नहीं है या भुल गए हैं वे अपना ई–मेल आईडी, मोबाईल नम्बर तथा जन्म तिथि डालकर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं ऑनलाईन आवेदन की प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

2. झारखण्ड न्यायिक सेवान्तर्गत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–12/2018) दिनांक–13.09.2019 एवं 14.09.2019 को संभावित है।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग,राँची।